सार-समाचार

'रामसेतु की गिलहरी में सहभागी बनें'

पाली, (नि.सं.)। रामसेतु की गिलहरी अभियान में सहभागी बना ज्योति विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय आशापुरा नगर पाली। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन पाली द्वारा जिले में एक बार उपयोग करने के बाद फैंके गये प्लास्टिक का चलन बहुत ज्यादा हो रहा है उसको बंद करवाने के लिए कलेक्टर लक्ष्मीनारायण मंत्री ने रामसेतु की गिलहरी अभियान प्रारंभ किया। अभियान से प्रेरणा लेकर अखिल भारतीय साहित्य परिषद जोधपुर प्रांत मीडिया प्रमुख साहित्यकार पवन पाण्डेय ने कवयित्री प्रधानाध्यापिका तृप्ति पाण्डेय के साथ मिलकर विद्यार्थियों को रामसेतु की गिलहरी अभियान से जोड़ा। तृप्ति ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि सभी विद्यार्थी रामसेतु की गिलहरी बनेंगें। हम विद्यार्थी यूज एण्ड थ्रो पेन का उपयोग न करके फाउण्टेन पेन का प्रयोग करेंगे। घर पर आये प्लास्टिक के सामान या प्लास्टिक की थैली को बाहर नहीं फेंकेगे बल्कि दुबाफा उपयोग करेंगे। हम पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्ष लगायेंगे और जहाँ लगे हैं उनकी देखभाल करेंगे। शाला प्रभारी मीनाक्षी चतुर्वेदी, वर्षा परमार, चेतना चौहान, नसरीन बानो, अमीषा पटेल, पूजा कंवर, विनीता आसवानी, सोनिया मिर्जा, रेखा प्रजापत मानकंवर ने अपने क्षेत्र में रामसेतु की गिलहरी बनने का संकल्प लिया।

'संयम का जीवन जीना ही श्रेष्ठ'

जोधपुर, (कासं)। चौरड़िया भवन में मंगलवार को नव पद ओली तपस्या के अंतिम दिन श्रावक श्राविकाओं में उत्साह छाया रहा। अनेक श्रावक श्राविकाओं ने आयंबिल की आराधना में भाग लिया। अपने नित्य प्रवचन में सुमतिमुनि ने कहा कि संयम का जीवन ही श्रेष्ठ जीवन है।आज तक जो संसार का सुख भोगा, राग भाव रखा उसकी आलोचना, प्रतिक्रमण कर छोड़ने का भाव रखना चाहिए। सुख में त्याग करना ही सच्चा त्याग है। उन्होंने कहा कि सुख चार प्रकार के होते है ।शांति, साता, समाधि एवं सिद्धी का सुख सच्चा सुख होता है औषध द्वारा शरीर की वेदना शांत होती है, अन्न-पानी के कारण शरीर को साता मिलती है। आपकी रसोई ही औषधालय है। आगम में 24 प्रकार के धान्य को औषधि कहा गया। जीवन मै चाहे शांति, अशांति अपमान सम्मान हो, जीव कोसमभाव में रहना चाहिए।जब तक संयम की आज्ञा नहीं मिले तब तक साधु नहीं बने परन्तु साधु जैसा जीवन जीना चाहिए। हर समय यह चिंतन में रखें कि मुझे संयम का जीवन जीना है और मैं संयम का जीवन जीऊंगा। इससे पूर्व साध्वी श्री ने कहा किशिक्षा पद्धित एवं भाषा पर प्रहार से हमारे संस्कारों पर चोट पहुंचती है। उन्होंने एक प्रेरक प्रसंग द्वारा श्रावकों को धर्म की राह पर चलने की सीख दी। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणक ललवानी तथा अशोक बोहरा ने बताया कि आज नव पद ओली तपस्या का तप पद की आराधना की गई। बुधवार ,8 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे श्री संघ के सानिध्य में आराधकों का सम्मान एवं पारणा महोत्सव का आयोजन होगा ।

भाजपा भटाणा मंडल की कार्यशाला

रेवदर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी भटाणा मंडल द्वारा आज आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता दीपेंद्र सिंह पीथापुरा ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब हमारे गांव का किसान, युवा और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगे। हमें स्थानीय उत्पादों को अपनाकर 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण का संकल्प है। भाजपा कार्यकर्ता अपने परिश्रम और समर्पण से इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के अभियान को गांव-गांव तक ले जाकर प्रत्येक नागरिक में स्वावलंबन की भावना जगानी चाहिए। जयदीप सिंह पिथापुरा,मंडल महामंत्री दिनेश चौधरी, उपाध्यक्ष रेवाराम हीरागर,मोतीराम देवासी,अमराराम, अर्जुन चौधरी, भीमा खरोण, सवाराम देवासी, सुरेश प्रजापत, प्रवीण मुजी, भीमगिरी, दशरथ सिंह बुटडी, चंदन सिंह,रणछोड चौधरी, रमेश चौधरी,गोविन्द धुडिया, लखमा बोग,दिनेश मुजी,हरजी रबारी, महेंद्र पुरोहित, रमेश भारती आदि उपस्थित रहे।

एन.एस.यू.आई. ने रोष जताया

आहोर,(निसं)। आहोर के निकट भाद्राजून तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को मेघवाल समाज ने एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड की रिहाई को लेकर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। नोरवा प्रशासक वागाराम मेघवाल ने बताया कि गत दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में आरएसएस द्वारा शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया था,जिसका विनोद जाखड के नेतृत्व में एनएसयूआई द्वारा विरोध किया गया,इस दौरान आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा विनोद जाखड और उनके साथियों द्वारा मारपीट की गई। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन ने पक्षपात रवैया अपनाते हुए एक तरफा कार्यवाही करते हुए विनोद जाखड और उनके साथियों को हिरासत में ले लिया। ज्ञापन में आरोप है कि 24 घंटो तक कई थानों में घूमाते हुए उन पर संगीन धाराओं में केस दर्ज कर उन्हे कैद कर दिया गया,जो बेहद निंदनीय है। ज्ञापन में बताया की इस कार्यवाही से मेघवाल समाज में भारी रोष व्याप्त है,समाज की ओर से दिए गए ज्ञापन में जल्द से जल्द जाखड को रिहा करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपते हुए सिलावटी युवा मोर्चा संस्थापक छगनलाल बामणिया,एडवोकेट सुरेश मेघवंशी,कूपाराम नोरवा,लक्ष्मण लुक्कड,रमेश धांधू,कानाराम परमार, रामप्रकाश जैतारण,भेराराम परिहार,संग्रामाराम राठौड,वि म मंडेला, एडवोकेट भगवानाराम,नारायण विरास,महेंद्र लूक्कड,रतनलाल नोरवा, हेमंत लुक्कड समेत समाज के लोग उपस्थित थे।

बारिश से मूंग व फसलों को नुकसान

सायला, (निसं)। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं कृषि मंत्री किरोडीलाल को पत्र लिखकर जालोर जिले में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से हुई भारी फसल क्षति पर चिंता जताई है। उन्होंने किसानों को राहत प्रदान करने के लिए नुकसान का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। गर्ग ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 2 से 5 अक्टूबर, 2025 के बीच हुई बेमौसम वर्षा के कारण जिले की प्रमुख फसल मूंग पूरी तरह नष्ट हो गई है। इसके साथ ही खेतों में खडी बाजरे की फसल भी नष्ट हो चुकी हैं। इसी प्रकार अनार के पौधों पर आए फूल भी बारिश के कारण झड गए, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड रहा है। मुख्य सचेतक गर्ग ने सरकार से आग्रह किया है कि प्रभावित किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शीघ्र राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिले।

भाटिया सब जूनियर टीम के कप्तान

जैसलमेर, (नि.सं.)। जयपुर में 8 अक्टुम्बर से शुरू होने वाली सब जूनियर 16 वर्ष आयु तक की जिले की क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है। 20 सदस्यीय टीम के साथ प्रभारी कृष्ण गोपाल सोनी, मैनेजर विनर शर्मा, कोच नरपत चौधरी को बनाया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि सब जूनियर क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पुष्पेंद्र बोहरा, ललित शर्मा, कृष्ण गोपाल सोनी, नरपत चौधरी तथा विनर शर्मा द्वारा खिलाड़ियों का ट्रायल मैच करवाया गया मैच में प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया गया। टीम में श्लोक भाटिया (कप्तान), सुमित परिहार (उपकप्तान), शिवम् मिश्रा,जयंत कुमार,राम करण, प्रदीप सिंह, शनजाद अली, ललित, भोमराज सुथार, मयंक कुमार, मयंक जोशी, लक्ष्य वासु, श्री राम, हुकमा राम, करण जांगिड़, चेतन कुमार, राजयवर्धन सिंह, इंद्रजीत सिंह, दिनेश पाल सिंह, गर्व सिंह सेठ को शामिल किया है जैसलमेर टीम का पहला मुकाबला 8 अक्टूम्बर को दौसा से होगा।

जैसलमेर में ओरण के लिए अभियान

जैसलमेर, (नि.सं.)। एक तरफ ओरण बचाओ टीम ओरण बचाने को लेकर जैसलमेर कलेक्ट्रेट के सामने धरना दे रही है। वहीं दूसरी ओर जैसलमेर जिला प्रशासन द्वारा परंपरागत आस्था, पर्यावरणीय संतुलन एवं सामुदायिक हितों से जुड़ी ओरण भूमि के संरक्षण और रेवेन्यू रिकॉर्ड में दर्ज करवाने के उद्देश्य से ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में उपखंड अधिकारी जैसलमेर सक्षम गोयल ने वीर आलाजी मंदिर के पास ग्राम कुछड़ी, दिलबर का गांव और श्री स्वांगिया माता मंदिर ग्राम पूनमनगर में स्थित ओरण भूमि का मौके पर निरीक्षण किया।

सुमित गोदारा कल जालोर दौरे पर

जालोर, (कासं)। राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा 9 अक्टूबर को जालोर जिले के दौरे पर रहेंगे। गोदारा 9 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे सिरोही से प्रस्थान कर दोपहर 2.45 बजे जालोर पहुँचेंगे। जहाँ वे कलेट्रेट सभागार में जालोर जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। तथा सायं 4 बजे प्रेस कॉफ्रेंस करेंगे।

शहरी सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का निस्तारण

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बेहतरीन सेवाएं उपलब्ध करवाने व उनके संबंधित प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए जिले के शहरी निकायों में 17 अक्टूबर, 2025 तक शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन किया जा रहा है।

नगर परिषद जालोर के आयुक्त दिलीप माथुर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 24 से 27 तक के लिए नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें आबादी भूमि नियमन, कृषि भूमि नियमन, भवन निर्माण स्वीकृतियाँ, नामान्तरण, उप विभाजन प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन इत्यादि से संबंधित आवेदन पत्र किए गए। शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया गया। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जालोर जिला प्रभारी ने किया शिविर का निरीक्षण

राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर के निरीक्षण के लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर द्वारा नियुक्त जालोर जिला प्रभारी संयुक्त निदेशक जगदीश प्रसाद मीणा ने सोमवार को नगरपालिका सांचौर में आयोजित शहरी सेवा शिविर शिविर एवं ब्लॉक साख्यिकी कार्यालय, सांचौर का निरीक्षण किया।

उन्होंने आयोजना विभाग की गतिविधियों, वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए वर्तमान में भारत सरकार द्वारा बैंको के माध्यम से संचालित राष्ट्रव्यापी संतृप्ति अभियान के तहत बैंकिंग की गतिविधियों यथा- नया प्रधानमंत्री जन धन खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना अन्तर्गत नामांकन करने, निष्क्रिय पीएमजेडीवाई अथवा अन्य बैंक खातों का पुन: सत्यापन, पीएमजेजेबी एंव पीएमएसबीवाई दावों का वितरण करना, पीएमजेडीवाई अन्य बैंक खातों के अन्तर्गत उतराधिकारी नामित करने सहित कार्यों में प्रगति लाने के लिए बैंक कामिकों को निर्देश दिएं

इस दौरान ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी सांचौर दिनेश मीणा, सांख्यिकी अधिकारी सरनाऊ किशन सिंह, नगरपालिका सांचौर के अधिशासी अधिकारी त्रिकमदान चारण, शाखा प्रबंधक कुणाल सोलंकी, बैंक ऑफिसर विभौर सिंह, धर्मेन्द जाट व बैंक बीसी हापुराम उपस्थित रहे।

नगर परिषद जालोर के वार्ड संख्या 28 से 31 तक के लिए 8 व 9 अक्टूबर को नगर परिषद सभागार जालोर में शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसमें नागरिकों के विभिन्न कार्य करने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

जिले में गांवों को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, जागरूक और सशक्त बनाने तथा जनसहभागिता, सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से ग्राम पंचायतवार ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार 9 अक्टूबर, गुरूवार को जालोर तहसील की आलासन व बैरठ, आहोर तहसील की सेदरिया बालोतान व थांवला, सायला तहसील की तूरा व विशाला, बागोड़ा तहसील की भालनी व वाडाभाडवी, जसवंतपुरा तहसील की गजापुरा व दांतलावास, रानीवाड़ा तहसील की दईपुर व जालेराखुर्द, सांचौर तहसील की कूडा व कारोला एवं चितलवाना तहसील की सांगरवा व काछेला ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

ठाकुरजी को विशेष रूप से खीर का भोग लगाया

जोधपुर, (कासं)। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा सोमवार को शरद पूर्णिमा के रूप में मनाई गई। शहर के सभी प्रमुख कृष्ण मंदिरों में ठाकुरजी का विशेष शरद शृंगार कर देर रात खीर का भोग लगाया गया। साथ ही घरों व अन्य स्थानों पर भी खीर बनाकर चांद की किरणों के समक्ष रखा गया। इस खीर को आज सुबह भोग लगाकर ठाहण किया गया।

धार्मिक मान्यता है कि इस दिन षोडश कलाओं से परिपूर्ण चन्द्रमा से अमृत किरण वर्षा होती है। चंद्रमा के औषधीय गुणों से युक्त किरणें पडने से खीर भी अमृत के समान होती है जिसका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद माना जाता है।

कटला बाजार कुंज बिहारी मंदिर में ठाकुरजी का श्वेत वस्त्र से शृंगार कर खीर-खाजा व ऋतु फलों का भोग लगाया गया। जूनी मंडी स्थित गंगश्यामजी मंदिर में भी विशेष श्रृंगार व भोग लगाया गया। रातानाडा श्रीकृष्ण मंदिर में पूर्णिमा की रात को 108 बर्तनों में खीर चन्द्रमा की किरणों में रखी गई। आज सुबह ठाकुरजी और राधा रानी को भोग अर्पित कर प्रसाद को भक्तों में वितरित किया गया। बिश्नोई समाज की ओर से गुरु जभेश्वर मंदिर, जाजीवाल धोरा धाम में खीर उत्सव आयोजित किया गया। विशाल कढ़ावों में करीब 25 क्विंटल दूध से खीर बनाकर मंदिर की छत पर रखी गई और मध्यरात्रि में संतों व स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया।

फतेह सागर क्षेत्र के रामानुजकोट मंदिर, चौपासनी श्याम मनोहर प्रभु मंदिर और अजनेश्वर आश्रम में भी खीर भोग का आयोजन हुआ। यश सेवा भारती संस्थान की ओर से शरद पूर्णिमा पर महारास और खीर महोत्सव का आयोजन ऋषिकुल धाम के महामंडलेश्वर स्वामी शिव स्वरूपानंद के सान्निध्य में किया गया। आयुर्वेदाचार्य डॉ. ज्योति प्रताप ने बताया कि आज सुबह 51 जड़ी-बूटियों से निर्मित आयुर्वेदिक खीर प्रसादी वितरित की गई। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य प्रकल्प द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर दशहरा मैदान चौपासनी में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया।

पाली संवाददाता के अनुसार : शरद पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान को खीर, खाजा, चीपड़े का भोग चढ़ाया गया।

सिंधी कॉलोनी स्थित देवी माता मंदिर में शाम 8 बजे सोमनाथ सुंदरकांड समिति की ओर से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पुजारी दौलत तनवानी ने बताया कि मेघराज गुलबनी के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ हुआ, जिसमें रामस्नेही संत गोविंद राम महाराज ने भी भगवान के दर्शन किए। सुंदरकांड पाठ के पश्चात रात्रि 12 बजे सभी भक्तजनों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इसी क्रम में गीता सत्संग भवन, गोपाल जी का मंदिर आदि मंदिरों में भी कार्यक्रम हुआ।

एम्स के बाहर काटे चालान

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर एम्स के बाहर सड़क पर वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनने की शिकायत पर यातायात पुलिस ने आज कार्रवाई की। पुलिस ने नो पार्किंग जोन में खड़े दो पहिया और चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालान बनाए।

पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश के निर्देशन में डीसीपी ट्रैफिक शाहीन सी और एडीसीपी दुर्गाराम चौधरी के निर्देशन में एम्स के सामने यह कार्रवाई की गई। बता दें कि एम्स हॉस्पिटल के सामने की सड़क से लेकर हॉस्पिटल की तरफ आने-जाने वाले मार्ग पर दोनों तरफ सड़क पर वाहन खड़े रहते हैं। मेडिकल दुकानदारों ने भी सडक़ को कब्जा करके उस पर पार्किंग बना दी है। इसके चलते वाहन चालक और राहगीर परेशान है। सडक़ के दोनों तरफ हुए अतिक्रमण और वाहनों की पार्किंग की वजह से वाहन चालकों का निकलना भी मुश्किल हो जाता हैं। एम्स हॉस्पिटल के सामने की सडक़ पर अवैध तरीके से ठेले और केबिन लगा दिए गए हैं, जिन्होंने फुटपाथ तक कब्जा कर दिया है। इन ठेले वालों से अवैध तरीके से किराया भी लिया जाता है।

लाखों रुपए हड़पने का मामला दर्ज

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के नामचीन समाज सेवी व भामाशाह केमिकल व्यवसायी से केमिकल मंगवा कर लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है।

दिव्यांशु कलर एन्ड केमिकल के मनोज लखेरा ने पुलिस थाना कोतवाली को रिपोर्ट दे कर बताया की जोधपुर के बासनी फेज 2 के मरुधर औधोगिक क्षेत्र में स्थित नीलकण्ठ इंडस्ट्रीज के मालिक दिविजय तातेड़ व प्रबन्धक विकास चौधरी ने उनकी फर्म से माल मंगवाया था। जिसके विश्वास में आकर उन्होंने इस फर्म को अक्सर माल देते थे। आर्डर में 2 लाख 63 हजार 907 रुपये का माल मंगवाया ओर इसकी पावती भी ड्राइवर को दे दी। बाद में हमारे द्वारा भुगतान करने पर काफी समय भुगतान के लिए आनाकानी करते रहे। इसको लेकर आरोपियों से समझाइस का प्रयास भी किया लेकिन स्पष्ट इनकार कर दिया जिस पर आरोपी दिग्विजय तातेड़ ओर विकास चौधरी के खिलाफ जांच कोतवाली थाने के सहायक उप निरीक्षक भंवरुराम कर रहे हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्ग के खिलाफ प्रदर्शन किया

सायला, (निसं)। सायला उपखंड मुख्यालय सायला में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सायला के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने धार्मिक कार्यक्रम से जनप्रतिनिधि को बाहर निकालने की घटना की निंदा करते हुए विधानसभा के मुख्य सचेतक एवं जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग से सार्वजनिक माफी की मांग की। साथ ही प्रदेश के युवा नेता विनोद जाखड की रिहाई और किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की भी मांग उठाई गई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 1 अक्टूबर को ग्राम जीवाणा में आयोजित नवरात्रि गरबा कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोगेश्वर गर्ग द्वारा जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी को मंच से उतर जाने के लिए कहा गया, जिससे कार्यक्रम में हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर भी व्यापक विरोध दर्ज किया गया है।

धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मंत्री गर्ग का यह व्यवहार न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक परंपराओं का भी उल्लंघन है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मंत्री गर्ग ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो जिला मुख्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वक्ताओं ने किसानों की फसलों को हुई क्षति के मुआवजे, ट्रांसफार्मर बदलने में हो रही देरी तथा बीमा क्लेम शीघ्र स्वीकृत करने की मांग भी उठाई। कार्यकर्ता रैली के रूप में एसडीएम कोर्ट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत ने सभी उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, पीसीसी सदस्य सवाराम चौधरी, विधानसभा प्रत्याशी रमिला मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चम्पावत, पन्नेसिंह पोषाणा, जिला परिषद सदस्य रामाराम चौधरी, प्रवीण विश्नोई, लक्ष्मणसिंह सांखला, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छगनलाल गहलोत, छैलसिंह मेडतिया, नगरपालिका पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश मेघवाल, ओटवाला सरपंच दीपाराम, डाबली सरपंच हनुमानाराम, सूरजपालसिंह, महेन्द्रपाल सिंह, सुखदेव त्रिवेदी, मोतीसिंह निम्बलाणा, दाडमाराम, गणेशाराम, इंद्रसिंह दहिया, गोपाल देवासी, खीमाराम चौधरी, हबताराम वालेरा, लालसिंह भुण्डवा, प्रकाश माली आसाना, ओबाराम देवासी, हिमताराम चौधरी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

जनचेतना दिवस पर नशा नहीं करने का दिया संदेश

जालोर, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जालोर के उपनिदेशक भगवानाराम चौधरी के निर्देशन में समाज कल्याण सप्ताह कार्यक्रम की श्रखला में जन जाग्रति दिवस पर औस नशा मुक्ति केंद्र जालोर की टीम द्वारा राजकीय औउद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जालोर में एक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर युवाओं को नशा न करने के लिए शपथ लेने के साथ सभी से संकल्प प्रत्र भरवाए गये। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग के उपनिदेशक भगवानाराम चौधरी ने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के खतरों और दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है जिससे वे नशे से दूर रहें नशा छोडने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाये और नशामुक्त समाज की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया गया।

किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य नजमुन निशा खोखर ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा स्वयं को नही बल्कि परिवार को भी को नष्ट कर देता है। आम जनों के बीच नशा उन्मूलन के लिए जन जागरूकता तथा सभी के प्रयास से इसका समूल समाप्ति का संकल्प लेना ही हमारा कर्तव्य है।

आईटीआई प्राचार्य उम्मेद सिह ने बताया की आज की युवा पीढी को नशे से दूर रखने तथा नशा मुक्त स्वस्थ्य समाज निर्माण करने की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम होने पर सभी में जागरूकता आएगी नशे के दुष्प्रभाव को बताने के साथ ही साथ में बुरी आदतों से दूर रहने के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण व्याखान देकर सभी को जागरूक किया

औस संस्थान के सचिव संदीप जेन ने बताया नशा एक सामाजिक बुराई है। यह स्वयं व्यक्ति, परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है।

उन्होंने बताया कि नशा युवा पीढी के भविष्य को अन्धकार में ले जा रहा है जो धीरे धीरे युवा पीढी को खत्म कर रहा है।

औस नशा मुक्ति केंद्र के परियोजना समन्वयक महेश नामा ने बताया की नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक व मानसिकता को नुकसान पहुंचता है बल्कि उनके परिवार को दलदल की ओर धकेल देता है नशा मुक्ति केंद्र की दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा की गई तथा केंद्र पर अनुभवी परामर्शदाता, मनो. चिकित्सक द्वारा संपूर्ण सुविधा युक्त वातावरण है जो पूर्णरूप सम्पूर्ण सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

डॉ. माथुर ने बताया की नशे से आज के योवा वर्ग भी बुजुर्ग के समान दिखा दे रहे है नशे से परिवारों में भय रहता है नशे के प्रकार शराब, तंबाकू, ड्रग्स, अफीम, केफीन, निकोटिन, हीरोइन डेट रेप ड्रग्स, आदि नशे के दुष्प्रभाव से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव, सामाजिक समस्याओ व नशे से बचने के उपाय नियमित व्यायाम, स्वस्थ खानपान, योग, आदि पर जोर दिया जाना अतिआवश्यक है।

सामाजिक न्याय अधिकारिकता विभाग से दिलीपकुमार, कनिष्ठ लिपिक सुनील कुमार, आईटीआई सीनि. अरविंद परमार चाइल्ड हेल्प लाइन 1०98 के समन्वयक खेमसिंह व काउनसलर तथा औस नशा मुक्ति केंद्र के नर्सिग कर्मचारी अशोक परमार, वार्ड बॉय केलाश परिहार, लक्स्मन कुमार, माणकचंद ,जयकुमार आदि मोजूद थे।

एम.डी.एम. में मॉक ड्रिल

जोधपुर, (कासं) । जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में आग से मरीजों की मौत के बाद जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में मॉक ड्रिल की गई।

इस दौरान अस्पताल में एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई। इसमें मरीज और स्टाफ को आग के समय सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया की गई। मथुरादास माथुर अस्पताल के अधीक्षक डॉ विकास राजपुरोहित ने बताया कि उच्च स्तर से निर्देश मिले थे। इसकी पालना में आज हॉस्पिटल में फायर फाइटिंग सिस्टम को लेकर मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। वहीं, आर्टिफिशियल फायर क्रिएट की गई। आग से निकले धुएं को अस्पताल में लगे सेंसर ने पहचाना और अलार्म बजने लगा। इसके बाद हॉस्पिटल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हॉस्पिटल में वार्ड के बाहर भी आग को लेकर तुरंत अलर्ट मिला। जिस पर टीम मौके पर पहुंची। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों और यहां आने वाले मरीजों को बताया गया कि यदि इस तरह की घटना हो जाती है तो हॉस्पिटल में किस प्रकार से बचाव करें। अस्पताल के वर्कशॉप चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंकित सोनी, डॉक्टर सुभाष बलारा, वर्कशॉप प्रभारी विपिन पुरोहित, गोपाल व्यास आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

सारणेश्वर मंदिर में गरबा नृत्य किया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सूरजपोल स्थित सारणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार रात्रि को वर्षों पुरानी गरबा परंपरा का भव्य आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय गरबा नृत्य कार्यक्रम में श्रद्धा और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलन के साथ की गई, जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों ने अघोरी बाबा की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। यह प्रस्तुति चामुंडा माता मंदिर टीम द्वारा तैयार की गई थी। गरबों के दौरान देवी-देवताओं के रूप में सजे कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। विशेष आकर्षण रहा बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रामदेव जी रो ब्याव मन दियो रुणिचे में, जिसने उपस्थित भक्तों को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। वहीं जालोर की एक महिला कलाकार ने कालकाजी माता का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुति देकर माहौल को आलौकिक बना दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व चामुंडा माता मंदिर के पुजारी पवनपुरी महाराज और मुन्ना महाराज ने किया। इस अवसर पर गोविंद नाथ महाराज सहित साधु-संतों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत मुन्ना महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर पार्षद दिनेश बारोट, तरुण त्रिवेदी, थानाधिकारी एसआई दानाराम, गणपत सिंह बागेडिया, समाजसेवी मनोहर माली, कमलेश वैष्णव, केशव कुमार, रणजीत कुमार, मुकेश कुमार, महिला प्रतिनिधि मीना देवी, डिम्पल वैष्णव, सलोनी वैष्णव, दुर्गा वैष्णव, सामाजिक कार्यकर्ता समाराम मीना, नितेश भटनागर, श्रवण कुमार ओड, सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रात्रि तक चले इस गरबा महोत्सव में श्रद्धा, संगीत और संस्कृति का ऐसा समागम देखने को मिला जिसने सभी का मन मोह लिया। मंदिर परिसर में भक्ति रस से भरी इस शाम ने एक बार फिर यह साबित किया कि जालोर की गरबा परंपरा आज भी उसी जोश और आस्था के साथ जीवित है, जैसी सदियों से चली आ रही है।

करवा चौथ 10 को, महिलाओं में उत्साह

जोधपुर, (कासं) । इस बार करवा चौथ का व्रत दस अक्टूबर को रखा जाएगा। इस बार करवाचौथ पर सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही चंद्रमा अपनी उच्च राशि वृषभ में विराजमान रहेंगे। इस संयोग में करवा माता की आराधना करने से वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी, और रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। दरअसल करवा चौथ व्रत का हिंदू धर्म में बहुत अधिक महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को सुहागिन महिलाएं पती की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। करवा चौथ का व्रत निर्जला व्रत होता है। पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन सुखमय होने की कामना से महिलाएं इस व्रत के तहत पूरे दिन निर्जला रहती हैं यानि जल तक ठाहण नहीं करती हैं। ये हिन्दू कैलेण्डर के कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश और शिव-पार्वतीजी के साथ करवा माता की पूजा खासतौर से की जाती है। करवा चौथ व्रत को कठिन व्रतों में से एक माना गया है। इसका कारण ये है कि इस दिन रात को चंद्रमा दर्शन के बाद ही व्रती महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। मान्यता के